THE MISCHIEF MAKERS

NIKOLAI NOSOV

शरारती बच्चे

निकोलाई नोसोव





THE MISCHIEF MAKERS

NIKOLAI NOSOV

Translated by Rose Prokofieva

Illustrated by G. Ogorodnikov

शरारती बच्चे

निकोलाई नोसोव

चित्र: जी. ओगोरोडनिकोव

हिंदी: अरविन्द गुप्ता



Me and Valya are mischief-makers.

We're always getting up to some tricks.

One day we read the story of The Three Pigs.

मैं और वाल्या बहुत शरारती हैं.

हम हमेशा कोई-न-कोई खुराफात करते रहते हैं.

एक दिन हमने "तीन सूअरों" वाली कहानी पढ़ी.



Then we started playing it. First we ran round the room,

jumping and shouting:

"Who's afraid of the big bad wolf!"

Then Mummy went shopping, and Valya said:

"Let's make a little house for ourselves, Petya,

like the three pigs in the story."

फिर हमने उसका मंचन करना शुरू किया. सबसे पहले हम कूदते और चिल्लाते हुए कमरे के चारों ओर भागे:

"उस बड़े बुरे भेड़िये से भला कौन डरता है!"

जब मम्मी खरीदारी करने के लिए बाज़ार चली गईं, तब वाल्या ने कहा:

"चलो पेट्या, हम भी कहानी में तीन सूअरों की तरह, अपने लिए एक छोटा सा घर बनाएंगे."



We pulled a blanket off the bed and hung it over the table. It made a nice little house. We crawled inside. It was pitch dark.

"What fun it is having our own house!" said Valya. "We'll live here all the time and not let anyone in. And if the big bad wolf comes, we'll chase him away."

"It's a pity there aren't any windows," I said. "It's very dark."

"Never mind," said Valya. "The three pigs' houses didn't have windows either."

फिर हमने बिस्तर से एक कंबल उठाया और उसे मेज पर लटका दिया. उससे एक अच्छा सा छोटा सा घर बन गया. हम रेंगते हुए घर के अंदर घुसे. अंदर घुप्प अँधेरा था.

"अपना घर होने का कितना मज़ा है!" वाल्या ने कहा. "हम हमेशा यहीं रहेंगे और किसी को भी अंदर नहीं आने देंगे. और अगर कोई बड़ा दुष्ट भेड़िया आया, तो हम उसे मारकर भगा देंगे."

"यह अफ़सोस की बात है कि हमारे घर में कोई खिड़की नहीं है," मैंने कहा. "अंदर बहुत अंधेरा है."

"कोई बात नहीं," वाल्या ने कहा. "तीनों सूअरों के घरों में भी खिड़कियां नहीं थीं."



"Can you see me?" I asked.


"No. Can you see me?"

"No," I said. "I can't even see myself."

"क्या तुम मुझे देख सकती हो?" मैंने पूछा.

"नहीं. पर क्या तुम मुझे देख सकते हो?"

"नहीं," मैंने कहा. "मैं खुद को भी नहीं देख सकता."



Suddenly something grabbed hold of my leg. I gave a great yell and rushed out from under the table, with Valya hot on my heels.

"What's the matter?" she asked.

"Someone grabbed hold of my leg," I said. "Perhaps it was the big bad wolf!"

Valya got scared and ran out of the room. I followed her.

We rushed into the corridor and slammed the door.


अचानक किसी ने मेरा पैर पकड़ लिया. मैं जोर से चिल्लाया और मेज के नीचे से भागा. वाल्या भी मेरे पीछे-पीछे भागी.

"क्या हुआ?" उसने पूछा.

"किसी ने मेरा पैर कसकर पकड़ा था," मैंने कहा. "शायद वो बड़ा दुष्ट भेड़िया होगा!"

वाल्या भी डर गई और वो कमरे से बाहर भाग गई. मैंने उसका पीछा किया.

हम गलियारे में पहुंचे और फिर हमने दरवाज़ा कसकर बंद कर दिया.



"Let's hold the door, so he can't open it," I said.

We stood there holding it for ages.

"Perhaps there's no one in there," said Valya.

"Then who grabbed my foot?" I asked.

"It was me," said Valya. "I wanted to find out where you were."

"Why didn't you say so before?"

"I got scared," she said. "You scared me."

"चलो हम दरवाज़ा पकड़कर रखते हैं, ताकि भेड़िया उसे खोल न सके," मैंने कहा.

हम बहुत देर तक दरवाज़े को पकड़कर खड़े रहे.

वाल्या ने कहा, "शायद वहां कोई न हो."

"तो फिर मेरा पैर किसने पकड़ा होगा?" मैंने पूछा.

"वो मैंने पकड़ा था," वाल्या ने कहा, "मैं यह जानना चाहती थी कि तुम कहाँ हो."

“तुमने मुझे वो पहले क्यों नहीं बताया?”

"मैं डर गई थी," उसने कहा. "तुमने मुझे डरा दिया."



We opened the door. There was no one in the room. But we were still afraid to go up to the table. Say the big bad wolf was under it and suddenly jumped out.

"You go and take the blanket off," I said.

"No, you go," said Valya.

"There's no one under there," I said.

"You never know!"

I tiptoed up to the table, pulled the edge of the blanket and rushed to the door. The blanket fell off. There was no one under the table.

हमने दरवाज़ा खोला. कमरे में कोई भी नहीं था. लेकिन हम अभी भी टेबल तक जाने से डर रहे थे.

मान लो कि बड़ा दुष्ट भेड़िया टेबल के नीचे हो और वो अचानक हम पर कूद पड़े.

"तुम जाओ और कंबल उतारो," मैंने कहा.

"नहीं, तुम जाओ," वाल्या ने कहा.

"टेबल के नीचे कोई भी नहीं है," मैंने कहा.

"हमें क्या पता!"

मैं दबे पाँव मेज़ तक पहुँचा, और मैंने कम्बल का किनारा खींचा और तुरंत दरवाज़े की ओर दौड़ा. कंबल नीचे गिर गया. मेज़ के नीचे कोई भी नहीं था.



We were so pleased that we wanted to mend the little house.

But then Valya said:

"What if someone grabs your leg again!"

So we didn't play at being the three pigs anymore.

हम इतने खुश हुए और हमने अपने छोटे से घर की मरम्मत करने की बात सोची.

लेकिन तभी वाल्या ने कहा:

"क्या होगा अगर किसी ने फिर से तुम्हारा पैर पकड़ लिया!"

इसलिए हम अब "तीन सूअरों" वाला खेल नहीं खेलेंगे.